# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–03 नवम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अब तकनीक का सिर्फ उपभोक्ता नहीं, बल्कि यह प्रौद्योगिकी परिवर्तन का नेता बन चुका है। यह बातें श्री मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में उभरते विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन दो हजार पचीस का उद्‌घाटन करते हुए कहीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व के सबसे अधिक सफल डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को देश में तैयार किया गया है।

**कोविड के दौरान हमने दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सिनेशन प्रोग्राम चलाया। इतने मैमथ स्केल पर पॉलिसी इज अ प्रोग्रेस को सक्सेसफुली इम्प्लीमेंट करना, ये कैसे पॉसीबल होता है, ये पॉसीबल हुआ, क्योंकि आज दुनिया का सबसे पहला और सबसे सफल डिजिटल पबलिक इन्फ्रास्ट्रक्चर अगर किसी के पास है, तो देश का नाम है हिन्दुस्तान।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश में नवाचार का आधुनिक तंत्र निर्मित करने के लिए अनुसंधान को सुगम बनाने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है।

**हमने रीसर्च डेवलपमेंट इनोवेशन स्किम भी शुरू की है और इसके लिए एक लाख करोड़ रुपए की राशि तय की गई है। हमारा प्रयास है कि प्राइवेट सेक्टर में भी रीसर्च एंड डेवलपमेंट को बढ़ावा मिले। पहली बार हाई रिस्क और हाई इम्पेक्ट प्रोजेक्ट के लिए कैपिटल भी उपलब्ध कराई जा रही है।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में रीसर्च डेवलपमेंट इनोवेशन स्कीम का स्वागत किया है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से सात नवम्बर को तीन वंदे भारत ट्रेनों का उद्‌घाटन करेंगे। वह वाराणसी से खजुराहो जाने वाली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। साथ ही फिरोजपुर से दिल्ली और लखनऊ से सहारनपुर के बीच चलने वाली दो अन्य वंदे भारत ट्रेनों का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। इस बीच, रेलवे ने लखनऊ से सहारनपुर और वाराणसी से खजुराहो के बीच सात नवम्बर से शुरू हो रही वंदे भारत ट्रेन सेवा का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया। एक रिपोर्ट–

**लखनऊ–सहारनपुर के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के जरिये सीतापुर भी जुड़ेगा, जिससे नैमिषधाम जाने वाले श्रद्धालुओं को खासी सुविधा होगी। यह नई ट्रेन सोमवार को छोड़कर हफ्ते में छह दिन सुबह पांच बजे लखनऊ जंक्शन से रवाना होगी। इसी तरह वाराणसी से वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सुबह पांच बज कर 25 मिनट पर छूटेगी और विन्ध्याचल, छिवकी चित्रकूट धाम, बांदा और महोबा होते हुए खजुराहो दोपहर एक बजकर 10 मिनट पर पहुंचेगी। लखनऊ से मुमताज अली की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से विवेक सिंह।**

**********

सर्वोच्च न्यायालय सात नवम्बर को आवारा कुत्तों के मामले में फैसला सुनाएगा। तीन न्यायाधीशों न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एन.वी.अंजारिया की विशेष खंडपीठ ने कहा कि अधिकतर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव पीठ के समक्ष उपस्थित हुए।

**********

जीएसटी बचत उत्सव के तहत लागू की गई संशोधित जीएसटी दरों से देश भर के कई क्षेत्रों में लोगों को लाभ हो रहा है। नरेन्द्र मोदी सरकार ने इसे बाइस सितंबर को शुरू किया था। एक रिपोर्ट–

**किसानों को बड़ी राहत देने के लिए सरकार ने नई जीएसटी सुधारो के तहत कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण कर कटौती की है। 18 सौ सीसी से कम क्षमता वाले ट्रैक्टरों पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। ट्रैक्टरों पर जीएसटी में कमी से उनकी खरीद मूल्य में कमी आई है, जिससे छोटे और मध्यम पैमानो के किसानों के लिए ट्रैक्टर अधिक किफायती हो गए हैं। जैव कीटनाशक, सूक्ष्म पोषक तत्व, ड्रिप सिंचाई प्रणाली और स्प्रिंकलर सहित कई अन्य उपयोगिताओं तथा खेती के लिए विभिन्न कृषि मशीनों पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। यह कर कटौती कृषि में मशीनीकरण को बढ़ावा देती है और शारीरिक श्रम लागत को काम करती है। ईशानी के साथ आदर्श, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

गौतम बुद्ध के पहले उपदेश वाली जगह सारनाथ में आज से तीन दिनों तक उनकी अस्थि–अवशेष को दर्शन के लिए रखा गया है। हमारे वाराणसी प्रतिनिधि ने बताया कि हर साल इन अस्थि अवशेष के दर्शन के लिए देश विदेश से लाखों श्रद्धालु सारनाथ पहुंचते हैं। वहां के मूलगंध कूटी विहार के मंदिर में दर्शन करने आ रहे श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

**********

लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में चल रहे राज्य स्तरीय समन्वय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में मेजबान लखनऊ मंडल, अयोध्या, गोरखपुर और वाराणसी की टीमें सेमी फाइनल में पहुंच गई हैं। प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय और उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के साथ लखनऊ का क्षेत्रीय खेल कार्यालय कर रहा है।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी संभाग में आज और कल कहीं कहीं हल्के से लेकर मध्यम कोहरे की संभावना जतायी है। विभाग के मुताबिक आगामी नौ नवम्बर तक प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा।

**********